SUS/जून/25-26/ 08 **CIRCULAR** **5.06.25**

हिंदी स्पेलथॉन - वर्तनी ज्ञान प्रतियोगिता 2025

प्रिय अभिभावक,

सादर अभिवादन!

जब हम कुछ बेहतर करने हेतु दृढ़ संकल्प कर लेते हैं तो कोई भी अड़चन, बाधा या अवरोध हमें लक्ष्य-प्राप्ति से नहीं रोक सकता। स्टेप अप स्कूल हमेशा नई चुनौतियों और अनुभवों के लिए तत्पर रहता है। इसे ध्यान में रखते हुए, विद्यालय कक्षा I से X के स्टेपियंस के लिए हिंदी ' स्पेलथॉन - वर्तनी ज्ञान प्रतियोगिता 2025' का आयोजन कर रहा है। जिसमें छात्रों को शब्दों को पहचानने और अलग-अलग परिस्थितियों में अलग-अलग कठिनाई स्तरों के साथ उनका उच्चारण करने की आवश्यकता होती है| वर्तनी ज्ञान प्रतियोगिता न सिर्फ़ छात्रों की लेखन क्षमता को बेहतर बनाने बल्कि शब्दावली को समृद्ध करने का भी एक अच्छा माध्यम है। यह प्रतियोगिता निश्चित रूप से छात्रों के आत्मविश्वास स्तर में वृद्धि के साथ उनका संचार-कौशल विकसित करने में भी सहायक सिद्ध होगी| इसे आयु और कक्षानुरूप तरीके से निर्मित किया गया है। वर्तनी ज्ञान प्रतियोगिता दो दौर में आयोजित की जाएगी।

<u>दौर 1 – प्रारंभिक दौर:</u>

इस दौर के लिए एक शब्दकोश साझा किया जाएगा, जिसमें से छात्रों का श्रुतलेख लिया जाएगा -

- कक्षा I-II के लिए: 10 शब्द
- कक्षा III-V के लिए: 15 शब्द
- कक्षा VI-X के लिए: 20 शब्द

जो छात्र इस दौर में अर्हता प्राप्त करेंगे, उन्हें दूसरे दौर यानी अंतिम दौर में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

<u>दौर 2 – अंतिम दौर:</u>

(कक्षा I-V के लिए)

- छात्रों को एक अभ्यास पत्रिका दी जाएगी, जिसमें व्याकरण से संबंधित निम्नलिखित प्रकार के अभ्यास प्रश्न होंगे:
- उलझे हुए अक्षरों को सही क्रम में लगाना
- क्रॉसवर्ड (शब्द-पहेली)
- सही वर्तनी पर गोला लगाना
- लिंग,वचन आदि बदलना
- दिए गए शब्दों/संकेत बिंदुओं की सहायता से किसी विषय पर कुछ वाक्य लिखना आदि।

<u>कक्षा **VI-X** के लिए:</u>

- अंतिम दौर मौखिक या नॉक-आउट शैली में आयोजित किया जाएगा। इस दौर में थीम आधारित प्रतियोगिता होगी।
- ☞ थीम: "पर्यावरण संरक्षण"
- इस मुख्य थीम के अंतर्गत निम्नलिखित उप-थीम होंगी -

  i) जल संरक्षण

  ii) वृक्षारोपण का महत्व

  iii) प्लास्टिक मुक्त भारत
- कृपया इसके लिए अनुसूची और अन्य विवरण नोट करें:- (दौर 1 के लिए 5 जून , बृहस्पतिवार को शब्दकोश Google क्लासरूम पर अपलोड किया जाएगा|)

दौर 1: शुक्रवार , 25 जुलाई , 2025 (अवधि : 30 मिनट)
दौर 2: बृहस्पतिवार, 31 जुलाई , 2025 (अवधि : 30 मिनट)

हम अपने प्रिय अभिभावकों से आग्रह करते हैं कि वे इस आयोजन में अपने बच्चों की सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करें और सुनिश्चित करें|

भवदीय
स्टेप अप स्कूल